दिनांक : 22.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

## प्रधानमंत्री स्कूल दौरा- गयाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गयाना में सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने दो दशक से भी अधिक समय पहले इस स्कूल के अपने दौरे को याद किया। श्री मोदी ने विद्यार्थियों में पारंपरिक भारतीय मूल्यों और संस्कृति को आत्मसात करने के स्वामी अक्षरानंद और उनके अनुयायियों के प्रयासों तथा विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा की दिशा में योगदान की सराहना की।

## वैश्विक सहकारिता सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता संगठन के वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव डॉ आशीष कुमार भूटानी ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहली बार वैश्विक सहकारिता सम्मेलन और महासभा भारत में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। छह दिन के इस सम्मेलन की थीम है सहकारिता से सबके लिए समृद्धि।

## इफ्फी-दूसरा दिन

55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दूसरे दिन आज विभिन्न विधाओं, भाषाओं और अलग-अलग देशों की 70 से अधिक फिल्में दिखाई जा रही हैं।

आज नागार्जुन अक्कीनेनी, विधू विनोद चोपड़ा और मणिरत्नम सहित जानी-मानी फिल्म हस्तियां अपने विचार साझा करेंगी।

कल शाम उद्धाटित सफरनामा प्रदर्शनी और इफ्फीएस्टा जैसे महोत्सव के खंड आज बड़ी संख्या में फिल्म प्रेमियों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कलेक्टर और कमिश्नर के साथ विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री शाम पांच बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी से चर्चा करेंगे। सभी संभागों के कमिश्नर , पुलिस महानिरीक्षक , पुलिस आयुक्त , सभी जिलों के कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षकों से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

गीता जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गीता जयंती के अवसर पर इस्कॉन संस्थान और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रदेशवासियों आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि यह हमारा गौरवशाली अतीत है कि भगवान श्री कृष्ण शिक्षा ग्रहण करने मध्यप्रदेश की धरती पर सांदीपनि आश्रम में आए थे।

स्वच्छ औद्योगिक पार्क

उज्जैन जिले के 'विक्रम उद्योगपुरी' को सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क घोषित किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह प्रतिष्ठित अवार्ड,कल दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी निदेशक, राजेश राठौड़ ने यह पुरस्कार

प्राप्त किया। विक्रम उद्योगपुरी ने देशभर के 140 औद्योगिक पार्कों में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री श्री गोयल ने इंदौर और उज्जैन के स्वच्छता प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विक्रम उद्योगपुरी का यह सम्मान न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

समाचार संक्षेप में .....

- महाराष्ट्र के नागपुर में आज एग्रोविजन द्वारा आयोजित 'इंडियाज़ प्रीमियर एग्री समिट' के 15वें संस्करण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी भी इसमें शामिल हुए।

- खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही कर खातेगांव तहसील में रेत के अवैध उत्खनन में तमखान घाट पर पांच टैक्टर की ट्रॉली और सतवास मार्ग से दो ट्रैक्टर को जप्त किए है। इन पर खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

- नर्मदापुरम जिले के सभी शासकीय और निजी स्कूलो में टिटनेस से बचाव के लिये छात्र-छात्राओ टी.डी. के टीके लगाये जा रहे हैं। कल जिले के 111 निजी स्कूलो में टी.डी टीकाकरण अभियान संचालित किया गया।

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी केवल 150 रनों पर सिमट गई है। समाचार लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने __4______ विकेट पर ...33...... रन बना लिए हैं।

..........................................